नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

6 शांति नोबेल पुरस्कार ने अंतत: अपनी इज्जत बचा ली?

6 पत्नी की तीस लाख रॉयल्टी वाली ज़िद

7 वेलनेस उद्योग में एक उभरता हुआ क्षेत्र ज्योतिष

8 अनमोल खरब की धमाकेदार जीत, सेमीफाइनल में पहुंचीं

एक नजर में

बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक में सीट शेयरिंग पर चर्चा

नई दिल्ली. एनडीए में सीट शेयरिंग और कैंडिडेट्स को मंथन जारी है. इसी सिलसिले में शनिवार को दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें कैंडिडेट्स को लेकर चर्चा की गई. इस बैठक में अमित शाह भी मौजूद थे. सूत्रों के अनुसार अभी तक नब्बे से सौ सीटों पर सहमति बन चुकी है. बैठक के बाद जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाह ने भी नड्डा से मुलाकात की. बिहार की सभी 243 सीट पर दो चरण में चुनाव होंगे. पहले चरण के लिए 6 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी. वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को जारी किए जाएंगे.

टीटीपी का पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला

काबुल. अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे ने पाकिस्तान की बेचैनी को बढ़ा दी, उसकी तालिबान से जंग छिड़ती नजर आ रही है। पाकिस्तान ने काबुल पर एयर स्ट्राइक कर दी। इसके बाद तहरीक-ए-तालिबान पाक (टीटीपी) ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा पर बड़ा आत्मघाती हमला कर दिया। तालिबान ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर हमला किया है तालिबान ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर हमला किया है।

कनाडा की विदेश मंत्री आज आएंगी भारत

नई दिल्ली. भारत और कनाड़ा के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कवायद के बीच कनाड़ा की विदेश मंत्री अनिता आनंद रविवार शाम तीन दिन की भारत यात्रा पर यहां पहुंचेंगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सुश्री आनंद सोमवार दोपहर को विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर के साथ वार्ता करेंगी। बाद में शाम को वह वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मिलेंगी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच मुख्य रूप से परस्पर व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इसके बाद वह मुंबई के लिए रवाना हो जायेंगी और वहां निवेश प्रोत्साहन तथा रोजगार सृजन के संबंध में उद्यमियों के साथ बातचीत के बाद उसी दिन देर शाम कनाड़ा के लिए रवाना हो जायेंगी।

धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ

42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना का उद्घाटन | **11440** करोड़ के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' योजना | **815** करोड़ की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रिमोट का बटन दबाकर 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने 24,000 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया गया. इसके अलावा, 11,440 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' को लॉन्च किया गया.

वहीं प्रधानमंत्री कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 5,450 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ. साथ ही लगभग 815 करोड़ रुपए की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई.

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का मिजाज कुछ इस तरह बन गया है कि हम कुछ उपलब्धियों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते हैं.

उन्होंने कहा, हमें विकसित बनने के लिए हर क्षेत्र में लगातार बेहतर करना होगा. सुधार करना ही होगा. इसी सोच का प्रमाण पीएम धन-धान्य कृषि योजना है. इस योजना की प्रेरणा आकांक्षी जिला योजना का सफलता बनी है. उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिले अब कई पैरामीटर्स में दूसरे जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं.

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, रामनाथ ठाकुर सहित कई राज्यों मे मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने दलहन उत्पादक, एग्रीकल्चर इनफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) और पशुपालन व मत्स्य पालन से जुड़े किसानों के विभिन्न समूहों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं व नवाचारों पर गहन चर्चा की.

यूरिया एवं डीएपी की कीमतें स्थिर : शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने यूरिया के बढ़े भाव का बोझ किसानों पर नहीं आने दिया. यूरिया की एक बोरी सिर्फ 266 में उपलब्ध है और डीएपी की बोरी 1,350 में उपलब्ध है.

कृषि विकास में नया अध्याय : सीएम डॉ. यादव

इंदौर. पीएम कृषि धन-धान्य कृषि योजना कृषि विकास के क्षेत्र में नया अध्याय लिखेगी .यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री शनिवार को इंदौर से केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा दिल्ली में आयोजित अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए. कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया और मध्यप्रदेश के इंदौर में 30 लाख टन क्षमता के अत्याधुनिक दुग्ध चूर्ण संयंत्र का वर्चुअली शुभारंभ भी किया. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर और ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघों को पैक्स से जोड़े जाने को भी ऐतिहासिक बताया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को दी गई इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री के संबोधन का ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर से वर्चुअली श्रवण किया.

ट्रम्प ने चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की

वाशिंगटन, 11 अक्टूबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन की नई निर्यात नीति के जवाब में बड़ा फैसला लिया है. उन्होंने चीन से आने वाली वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है.

यह कदम वैश्विक व्यापार पर बड़ा असर डाल सकता है. यह फैसला चीन की हालिया घोषणा के बाद आया है, जिसमें उसने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्त नियंत्रण लागू किया है. ये खनिज स्मार्टफोन से लेकर मिसाइल टेक्नोलॉजी तक, हर क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर इस फैसले की जानकारी देते हुए लिखा कि यह शुल्क एक नवंबर से या उससे पहले लागू हो सकते हैं. साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका अब किसी भी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर और रक्षा तकनीक के निर्यात पर भी सख्त नियंत्रण लगाएगा. व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा, मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है. मैं वहां जरूर



जाऊंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया. अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आए और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था. ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे.

बता दें, चीन पर पहले से 30 फीसदी टैरिफ लागू है. ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने 100 फीसदी अलग से टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है. इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, चीन में कुछ बहुत ही अजीबोगरीब चीजें हो रही हैं!

कोविड ड्यूटी में शहीद हुए कर्मियों को 5 साल बाद मिला न्याय

परिजनों को दी गई एक-एक करोड़ की सहायता राशि

11 सरकारीकर्मियों की हुई थी मौत

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (वार्ता) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन गंवाने वाले 11 सरकारीकर्मियों के परिजनों को शनिवार को एक-एक करोड़ रूपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए.

सीएम गुप्ता ने समारोह में कहा, यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि है. इन कर्मवीरों का साहस और निस्वार्थ सेवा सदा हमारे दिलों में अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, करुणा और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी. उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जान का मूल्य कोई सरकार नहीं चुका सकती, लेकिन सरकार का कर्तव्य है कि ऐसे परिवारों को हर संभव सहायता मिले. यह दिल्ली सरकार के लिए गर्व की बात है कि कोविड काल में अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा दिखाने वाले इन कर्मवीरों के परिवारों को अब सम्मानपूर्वक उनका हक मिला है.

अनिल अंबानी ग्रुप के सीएफओ अशोक पाल गिरफ्तार

नई दिल्ली 11 अक्टूबर. प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार रात अनिल अंबानी के सहयोगी रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को कथित 17,000 करोड़ रुपये के एडीए समूह लोन धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया. रिलायंस पावर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, पाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी के दिल्ली कार्यालय से हिरासत में लिया गया. शनिवार को उन्हें दिल्ली की एक स्पेशल कोर्ट में पेश कर ईडी ने कस्टडी की मांग की, जो दो दिनों के लिए मंजूर हो गई.

रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया को हटाया

- आईपीएस वाई पूरन कुमार सुसाइड केस में एक्शन
- एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

रोहतक. हरियाणा सरकार ने आईपीएस अधिकारी वाई पुरन कुमार आत्महत्या मामले में रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया को उनके पद से हटा दिया गया है. अब उनकी जगह पर इस पद की जिम्मेदारी सुरेंद्र सिंह भौरिया को सौंपी गई है.

हरियाणा सरकार के गृह विभाग ने यह जानकारी अधिसूचना जारी करके दी है. पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार ने अपनी शिकायत में

हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया पर आरोप लगाया था कि दोनों उनके पति का मानसिक उत्पीड़न कर रहे थे. इसी के चलते उनके पति ने आत्महत्या कर ली. अमनीत ने दोनों अधिकारियों पर एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा था कि उनके पति पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करते थे. यह मेरे लिए बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि वे अपने घर में मृत पाए गए. इसे आत्महत्या का नाम दिया जा रहा है, लेकिन मेरी आत्मा कहती है कि यह लगातार उनके मानसिक उत्पीड़न का परिणाम है.

सोनिया ने पूर्व आईपीएस की पत्नी को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (वार्ता) कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी है. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित

करने वाली घटना है. उनका कहना था किसी पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है. उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं.

बालिकाओं की सुरक्षा हो सुनिश्चित

राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श कार्यक्रम में बोले सीजेआई गवई

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर. 'बालिकाओं की सुरक्षा: भारत में उनके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण' की ओर विषय पर शीर्ष अदालत परिसर में राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बालिकाओं की सुरक्षा को डिजिटल शासन की मुख्य प्राथमिकता बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तकनीकि प्रगति के साथ नैतिक सुरक्षा उपाय भी हों. उन्होंने कहा कि बालिकाओं

की सुरक्षा डिजिटल शासन की मुख्य प्राथमिकता हो . जबकि संवैधानिक और कानूनी गारंटी के बावजूद देश भर में कई लड़कियों को उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवनयापन के लिए बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित रखा जाता है.यह कमजोरी उन्हें कुपोषण, लिंग-चयनात्मक गर्भपात, मानव तस्करी और उनकी इच्छा के विरुद्ध बाल विवाह यौन शोषण, शोषण और हानिकारक प्रथाओं के अत्यधिक जोखिम में डाल देती है. न्यायमूर्ति गवई ने कहा, उनकी (बालिकाओं) की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल उनके शरीर की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उनकी आत्मा को मुक्त करना है. एक ऐसा समाज बनाना, जहां वे सम्मान के साथ अपना सिर ऊंचा रख सकें और जहां उनकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों.

ईडी का10 .95 करोड़ के बैंक घोटाले में तीन फर्मों पर छापा

नयी दिल्ली, 11 अक्टूबर. प्रवर्तन निदेशालय अहमदाबाद जोनल कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत आठ और नौ अक्टूबर को अहमदाबाद स्थित छह स्थानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई 10.95 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी है. ईडी ने जांच की शुरुआत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की थी, जो ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स की शिकायत पर दर्ज की गई थी. शिकायत में तीन फर्मों श्री ओम फैब, श्री बाबा टेक्सटाइल और श्री लक्ष्मी फैब—का नाम शामिल है.

मंत्री बोस के दफ्तर पर ईडी छापे

बंगाल भर्ती घोटाला :13 ठिकानों पर ली तलाशी, 45 लाख बरामद

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित नगरपालिका भर्ती घोटाले में कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्रों में 13 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया.

ईडी की टीम ने शुक्रवार को जिन परिसरों पर छापेमारी की उनमें पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के विधायक सुजीत बोस के कार्यालय और उनकी कंपनियों के ठिकाने भी

शामिल हैं. तलाशी के दौरान ईडी को कई आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्ति से संबंधित कागजात, डिजिटल उपकरण और 45 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं. ईडी ने यह जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी. उल्लेखनीय है कि ईडी ने सोमेन नंदी बनाम द स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल एंड अदर्स मामले में उच्च न्यायालय में अपनी रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसमें नगरपालिका भर्ती में हुई अनियमितताओं का खुलासा किया गया था. अब तक की जांच में यह पाया गया है कि विभिन्न नगरपालिकाओं के प्रश्नपत्रों की छपाई, ओएमआर शीट की तैयारी, मूल्यांकन और मेरिट लिस्ट बनाने का ठेका एम/एस एबीएस इन्फोज़ोन प्राइवेट लिमिटेड (निदेशक अयन सिल) को दिया गया था.

बैठक | मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने की वन टू वन चर्चा, सीएम से मिले फिल्म जगत के कई दिग्गज

प्रदेश में निवेशकों और उद्योग जगत को मिलेगा अवसर

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शनिवार को मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के अवसर पर पर्यटन क्षेत्र के निवेशकों, प्रमुख फिल्म निर्माताओं और प्रसिद्ध अभिनेताओं के साथ कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की.

इस वन-टू-वन चर्चा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और मध्यप्रदेश को एक प्रमुख फिल्म-शूटिंग गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है. इस उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग के विभिन्न दिग्गजों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से फिल्म जगत से प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एकता कपूर, जाने-माने अभिनेता गजराज राव और रघुवीर यादव ने भेंट की. स्पेनिश फिल्म कमीशन से लारा मोलिना एवं फिल्म निर्माता अन्ना सौरा ने भी चर्चा में भाग लिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार राज्य को पर्यटन और फिल्म निर्माण के लिए देश का सबसे आकर्षक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे. होटल और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के कई बड़े नामों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की. इनमें इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के ईवीपी परवीन चंदर कुमार, जेट सर्व एविएशन के राम ओला, एटमॉस्फियर कोर के प्रबंध निदेशक सौभाग्य मोहापात्रा, पोस्ट कार्ड होटल्स के सह-संस्थापक अनिरुद्ध कांडपाल आदि शामिल थे.

मध्यप्रदेश में वेडिंग डेस्टिनेशन को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ ट्रैवल वेडिंग प्लानिंग और इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए. इस समूह में पर्यटन फ्यूचर्स के नवीन कुंडू, यात्रा डॉट कॉम के राकेश कुमार राणा, इंडियन गोल्फ टूरिज्म एसोसिएशन के राजन सहगल, प्रसिद्ध शेफ मंजीत गिल, लाफलोरेंस वेडिंग के विक्रमजीत शर्मा, वेडिंग एंड ट्रैवल जर्नलिस्ट श्रुति सिंह, ईएसएल इवेंट्स की एकता सहगल लुल्ला, वेडिंग चैप्टर्स की ईशा अग्रवाल, कर्ली टेल्स डिजिटल मीडिया प्रा. लि. के समर ओम प्रकाश वर्मा आदि ने भेंट की.

दिनभर रंगनाथन से पूछताछ

सबूत एकत्रित करने के लिए जल्द तमिलनाडु जाएगी पुलिस

छिंदवाड़ा. कफ सिरप में गड़बड़ी होने से 21 बच्चों की मौत होने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने कफ सिरप कम्पनी के मालिक रंगनाथन को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर परासिया लाया है अब पुलिस रंगनाथन से पूछताछ कर रही है.

आज पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने भी नंगराथन से पूछताछ की, पूछताछ दिन भर चलती रही. बता दे कि बीते दिवस एसआईटी गोंवद रंगनाथन को परासिया लेकर जैसे ही परासिया पहुंची वैसे ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा लोग उसे फांसी दो के नारे लगाते रहे, पुलिस ने किसी तरह रंगनाथन को कोर्ट में प्रस्तुत कर उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड में लिया. बड़ी बात

यह रही कि रंगनाथन का केस लडने् के लिए एक भी वकील सामने नही आया. सभी वकीलों ने नंगनाथन का केस लडने् से इंकार कर दिया. अब पुलिस रंगनाथन से पूछताछ कर रही है. पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने बताया कि आज दिन भर गोविंद रंगनाथन से पूछताछ की गई कि वह कब से कंपनी का संचालन कर रहा है कंपनी का लाइसेंस किस के नाम से है, कितनी लैब संचालित की जा रही है और इस कम्पनी में कौन-कौन शामिल है. अगर दवाई में मिलावट की गई है तो आप को इस बारे में जानकारी कैसे नही मिली.